तापमान
अधिकतम 000 डिग्री
न्यूनतम 000 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025



13 गंगरेल पर्यटन में साइंस पार्क का नया अध्याय जुड़ेगा





14 हरी सब्जियों के दाम गिरे, बिक्री बढ़ी






## खबर संक्षेप

### सूरज सिंह होंगे जिले के नए एसपी



**धमतरी।** जिले में पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर सूरज सिंह को धमतरी जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राज्य सरकार ने रविवार को आईपीएस अफसरों की तबादला सूची जारी की है। इस सूची में प्रदेश के कई जिलों के 20 पुलिस अधिकारी प्रभावित हुए हैं। धमतरी पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को सारंगगढ़ बिलाईगढ़ का एसपी बनाया गया है, वहीं उनके स्थान पर 2015 बैच के आईपीएस सूरज सिंह को धमतरी जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

### परिक्षेत्रीय स्तर पर 25 को मनेगी सेन जयंती

**धमतरी।** सर्व सेन समाज की बैठक गत दिनों हुई। 25 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। स्वजातीयगण अपने-अपने घरों में ईष्ट गुरु सेनजी की पूजा-अर्चना कर उनकी जयंती मनाएंगे। सेन जयंती पर पूरे जिले के सामाजिकजन अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख आस्था और सामाजिक एकता का परिचय देगें। यह जानकारी धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष, लालाराम सेन उपाध्यक्ष, भगवानीराम शांडिल्य सचिव, रविकुमार कौशल कोषाध्यक्ष ने दी है।

### स्टार्टअप के लिए कार्यशाला 25 को



**धमतरी।** जिले के आदिवासी युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर तलाशने और उनका भविष्य संवारने के लिए स्टार्टअप शुरू करने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नगरी ब्लॉक के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय छिपली में होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्राचार्य को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

भारतीय शिक्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस पर पीजी कालेज में व्याख्यान का आयोजन

# शिक्षा में भारतीयता और नैतिक गुणों को करें शामिल : डॉ. नीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय शिक्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस पर रविवार को स्थानीय पीजी कालेज के सभागार में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. नीता बाजपेयी अखिल भारतीय विश्व विद्यालय सहप्रमुख एवं राज्य एनएसएस अधिकारी ने शिक्षण मंडल के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा पद्धति में भारतीयता एवं नैतिक गुणों को सम्मिलित करने की आवश्यकता है। भारतीय मूल शिक्षा पद्धति इसी पर आधारित है। लार्ड मैकाले ने ब्यूटीफूल की पुस्तक में इसे विस्तार से बताया गया है। मंडल की शिक्षण प्रणाली 5 सोपानों पर आधारित है। अनुसंधान, प्रबोधन, प्रशिक्षण, प्रकाशन और संगठन ही शिक्षा का वैधानिक तथ्य है। शिक्षक ही भविष्य का निर्माता है। बच्चों को पुरातन शिक्षा का महत्व समझाएं। वर्तमान शिक्षा में सुधार की आवश्यकता है जिससे रामत्व अपने आप आ जाएगा।

राजकुमार महंत नगरखंड प्रचारक ने बताया कि भागवतकथा के 10वें अध्याय के श्लोक में शिक्षा का महत्व वर्णित है। संस्कृत भाषा की विशेषता यह है कि यह प्राचीन होने के कारण सभी संस्थाओं का ध्येय वाक्य संस्कृत भाषा से ही लिया गया है। विश्व में बहुत से आविष्कार भारतीय वैज्ञानिकों की देन है। डा. अम्बर व्यास ने कहा कि युवा पीढ़ी राम के चरित्र को अपनाएं।

शिक्षा से जीवन के महत्व को सीखा जाता है। शिक्षा में भारतीयता को शामिल करें। पूर्व प्राचार्य डा. चंद्रशेखर चौबे जिला संयोजक ने कहा कि संपूर्ण शिक्षा को भारतीय संस्कृति से जोड़ने और भारतीयता लाना मंडल का मुख्य उद्देश्य है। सच्ची शिक्षा वह है जिसमें व्यक्ति को अज्ञान, दुखों और सांसारिक बंधनों से मुक्त होने का ज्ञान दे। बाकी सब कौशल ज्ञान है।





कार्यक्रम में प्राचार्य डा. विनोद पाठक, कोमल सार्वा, बीथिका विश्वास, पीतांबर सिन्हा, निरंजनकुमार, नीलम सिंह, शेषनारायण गजेंद्र, आकाशगिरी गोस्वामी, होमेश्वर चंद्राकर, पीवी पराडकर, शिरोमणिराव घोरपड़े, भूपेंद्र मिश्रा, आरके पांडे, कुशलराम साहू, खोमन साहू, शीतलेश साहू, चंद्रकला पटेल, सीमा चौबे, लता सोनी, श्री रौनित, आकांक्षा मरकाम, डा. हेमवती ठाकुर, डा.चंद्रिका साहू, जयश्री पंचागम उपस्थित थे।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव देशहित में : रूपकुमारी

- जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिला अधिवक्ता संघ ने रविवार को स्थानीय पीजी कालेज में एक देश-एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि इसका उद्देश्य लोकसभा, विधानसभा का चुनाव एक साथ कराना है, ताकि वित्तीय खर्च में कटौती की जा सके। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। बार-बार की चुनावी परेशानियां कम होंगी। हालांकि आलोचक अब भी इस पर सवाल उठा रहे हैं।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि भारत में चुनाव ऐसा चक्र है, जहां हर साल चुनाव होते रहते हैं। इससे संसाधनों और मशीनरी पर काफी दबाव पड़ता है। एक देश-एक चुनाव सर्वोत्तम उपाय है। पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद देश में चार बार का आम चुनाव एक देश-एक चुनाव की तर्ज पर हुआ था। लोगों ने लोस, विस के लिए एकसाथ मतदान किया। एक देश-एक चुनाव का माडल फिर अपनाया जाए तो यह देश के हित में होगा। पूर्व प्राचार्य डा. अनंत दीक्षित ने कहा कि एक देश-एक चुनाव देश हित में है, लेकिन क्या इसे भारत जैसे देश में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह मंथन का विषय है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण साहू, एनपी गोस्वामी, बीके सिन्हा ने भी एक देश-एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में शुरुआती आम चुनाव साथ-साथ कराए गए। यह प्रक्रिया 1967 तक चली। चुनावी प्रणाली बाधित होने से अब चुनाव अलग-अलग समय में हो रहा है जो समय और अत्याधिक खर्च को दर्शाता है। लोस, विस का चुनाव एकसाथ कराने से पैसों की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षाबल पर दबाव कम रहेगा। सरकारी नीतियों का समय पर क्रियान्वयन होगा। पार्टियों का ध्यान चुनाव प्रचार की बजाय विकास पर होगा। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

तहसील साहू समाज द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक साहू सदन नगरी में किया गया है। शिविर में रक्तदान करने वालों को उपहार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी योगेश कुमार साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज ने दी है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


## परिजनों ने मेडिकल दुकान के सामने मचाया हंगामा

# एक्सपायरी इंजेक्शन लगने से बिगड़ी युवती की तबीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मेडिकल स्टोर द्वारा दिए गए एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन के लगने से युवती की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में युवक को जनरल वार्ड से आईसीयू में भर्ती कराया गया।

केशकाल के रहने वाले मो. जाहिद पिता फारुख उम्र 36 वर्ष की बेटी हलिमा सादिया उम्र 18 वर्ष को उल्टी होने पर शुक्रवार को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। युवती की तबीयत में काफी सुधार आ गया था। ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल के डाक्टर ने इंजेक्शन डोड्रीन लिखा। जिसे मो.जाहिद के भतीजे मो. मोहिब उम्र 13 वर्ष ने अस्पताल के गेट के सामने स्थित एक मेडिकल से खरीदकर लाया। उक्त इंजेक्शन को वार्ड की नर्स ने युवती को लगाया। इंजेक्शन के लगने के बाद युवती की तबीयत और खराब हो गई। नर्स ने इसकी जानकारी डाक्टर को दी। डाक्टर ने युवती की बिगड़ रही हालत को देखते हुए शुक्रवार की रात्रि 10.45 बजे आईसीयू में शिफ्ट कराया। चेक करने पर पाया कि इंजेक्शन एक्सपायरी डेट का था। यह इंजेक्शन फरवरी माह 2025 में एक्सपायर हो चुका था। घटना से आक्रोशित परिजनों ने मेडिकल पहुंचकर हंगामा किया। यह देख मेडिकल संचालक इंजेक्शन को अपनी दुकान का नहीं होना बताते हुए तुरंत स्टोर बंद कर चलता बना। इस एक्सपायरी इंजेक्शन से एक युवती की जान जा सकती थी। युवती के पिता मो.वाहिद ने रात्रि में ही सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत कर लापरवाही करने वाले मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

# शादी घर में खाना बनाते सिलेंडर में लगी आग



- लोहरसी की घटना, दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शादी घर में खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। दमकल की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

समीपस्थ ग्राम लोहरसी में विश्वकर्मा परिवार के यहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। रविवार को बारात आने वाली थी जिसके लिए शादी घर में खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई जिसे देख शादी घर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा अपने



स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग को काबू नहीं कर सके। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम में शामिल फायरमेन अरूण यादव, अभिनव तिवारी, भारत ठाकुर, रोहित व चालक उमेश कौशिक दमकल वाहन के साथ तत्काल लोहरसी पहुंचे और आग पर काबू पाया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। अगर सिलेंडर फट जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# करंट से कपड़ा व्यवसायी झुलसा



- इतवारी बाजार में हुई घटना, इलाज के लिए रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इतवारी बाजार में निगम के सामने कपड़ा की दुकान लगाने तिरपाल बांध रहा युवक करंट की चपेट में आ गया। घटना में करंट से झुलसे युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय जालमपुर निवासी गोपी देवांगन शहर के साप्ताहिक इतवारी में लंबे समय से कपड़े की दुकान लगा रहा है। गोपी इस रविवार की सुबह इतवारी बाजार पहुंचकर निगम कार्यालय के सामने गार्डन के पास कपड़ा दुकान लगाने की तैयारी कर रहा था। वह गार्डन की दीवार पर चढ़कर तिरपाल को रस्सी से बांध रहा था। वहीं पर दीवार से लगा ट्रांसफार्मर है। रस्सी बांधते समय युवक अचानक



करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक के दायें कंधे से लेकर कुहनी तक झुलस गया। युवक नीचे गिरकर दर्द से तड़प रहा था।

सूचना पर शिवा प्रधान तत्काल इतवारी बाजार पहुंचे और घायल को उसके साथी व्यवसायी की मदद से उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। बताया जा रहा है कि युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रिफर कर दिया गया है।




## खबर संक्षेप

### मोर दुआर साय सरकार अभियान में जनपद सदस्य हुए शामिल



दुर्गुकोंदल। प्रदेश में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान दिलाने का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सर्वे 15 अप्रैल से शुरू हो गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के जनपद सदस्य लगातार सक्रिय हैं। मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत जनपद सदस्य स्वयं गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर उन जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर रहे हैं, जिनका नाम पूर्व की सूची में छूट गया था। मोबाइल ऐप के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का आन स्पाट सर्वे कर उनके नाम सूची में जुड़वाए जा रहे हैं ताकि कोई भी गरीब परिवार आवास योजना से वंचित न रह जाए। ग्राम पंचायत राऊरवाही के तीनों आश्रित ग्राम सटेली, महेंद्रपुर,राऊरवाही में भी जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने स्वयं पहुंचकर ऐसे कई परिवारों को चिन्हित कर आवास प्लस सूची में जोड़ने का कार्य किया। क्षेत्रवासियों द्वारा उनके इस सेवा भाव की सराहना की जा रही है। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की विष्णु देव सरकार की प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा। विष्णु देव सरकार की यह संयुक्त पहल अब तक की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका लाभजमीनी स्तर पर आमजन को मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक भी योजना का लाभ पहुंचे। इस मौके पर सरपंच बलराम टेपारिया, कृष्णा पटेल, संतोष जैन, आकेश जैन, सुकदेव जैन, रतन जैन आदि मौजूद रहे।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विकासखंड से 518 विद्यार्थी हुए शामिल

दुर्गुकोंदल। दुर्गुकोंदल में प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा नवमी प्रवेश परीक्षा 20 अप्रैल रविवार को समय सुबह 10 से 1 बजे तक आयोजित किया गया। परीक्षा में दुर्गुकोंदल विकासखंड के 518 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया तथा 12 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल एवं स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय संबलपुर परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दुर्गुकोंदल विकासखंड के प्रत्येक 65 पूर्व माध्यमिक शालाओं में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी एवं खंड स्रोत समन्वयक लतीफ सोम के मार्गदर्शन में प्रयास परीक्षा एवं राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा की तैयारी करवाई गई है। इसके लिए प्रतिदिन शाला एवं संकुल स्तर पर निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई है।

### निधन

### सुधाकर देवांगन



धमतरी। महिमासागर वार्ड निवासी सुधाकर देवांगन पिता मन्नूलाल देवांगन उम्र 38 वर्ष का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थल से शांतिघाट पहुंची। वे राइस मिल व्यवसायी योगेश देवांगन, प्रीतम देवांगन के भाई थे। वे अपनी पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज का सम्मेलन नवागांव में हुआ

# समाज की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी : अजय

- एक जोड़ा का हुआ विवाह, समाज के प्रतिभावान एवं पंचायत प्रतिनिधि हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



मधुबन धाम खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन नवागांव में हुआ। वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत कलशयात्रा के साथ मां कर्मा की पूजा से हुई। वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत कर समाज के प्रतिभाशाली 10 वीं व 12वीं के छात्र छात्राओं का सम्मान कर राशि प्रदान की गई । समाज के विभिन्न क्षेत्र में अपना योगदान देकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू , जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, जनपद सभापति राजेश साहू, जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू समेत तहसील साहू समाज मगरलोड के सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चन्द्राकर ने समाज की समृद्ध विरासत को और आगे ले जाने एवं रोटी बेटी के साथ आधुनिक शिक्षा, व्यापार, उन्नत खेती पर जोर दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने आक्सीजन के लिए पौधरोपण पर जोर दिया। शादी विवाह, जन्म दिन, वर्षगांठ पर एक पेड़ लगाने का आव्हान किया।

समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, अशिक्षा को समाज से दूर करने पर जोर दिया। नारी शक्ति उत्थान पर जोर देते हुए बेटी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। फिजूलखर्च पर रोक लगाने, शादी विवाह में कपड़े बंटना, रात परघनी करना, शराब पीना पिलाना, छट्ठी, सगाई में केक काटना पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। कार्यक्रम में सांसद चुनीलालसाहू ,विधायक इन्द्र कुमार साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, तहसील कुरुद, मगरलोड के पदाधिकारी, हेमत लक्ष्मीकांता साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव एवं खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। आधुनिक विवाह में व्याप्त अव्यवस्था व फिजूल खर्ची को रोकने का संदेश देते हुए एक जोड़ा का आदर्श विवाह पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। समाज के बुजुर्गों व नवनिर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मानित कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

## नवागांव को ग्लोबल विलेज बनाने का लिया संकल्प

अब गांव में भी शहरों की तरह सुविधाएं उपलब्ध कराने बनाई जा रही है योजना : टिकेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की थीम के साथ नवागांव को ग्लोबल विलेज की तर्ज पर बसाने ग्रामीण पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई गई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

सरपंच टिकेश साहू की अगुवाई में ग्राम पंचायत नवागांव (उ) में आहूत बैठक में पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पेड़ लगाने एवं उसके संरक्षण के लिए पंचायत से ट्री गार्ड उपलब्ध कराने पर सहमति दी गई। गांव में पानी की बचत हेतु वाटर रिचार्ज व्यवस्था को और मजबूत करने, तालाबों की साफ सफाई, व्यवस्थित बसाहट, स्वच्छता, शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा प्रधानमंत्री आवास के सभी हितग्राहियों के घरों में वाटर रिचार्ज सिस्टम अनिवार्य करने जैसे विषयों पर चर्चा कर ठोस निर्णय लिया गया जिस पर ग्रामीण पदाधिकारियों ने सहमति जताई।

सरपंच श्री साहू ने कहा कि गांव में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शहरों की तर्ज पर सुविधा प्रदान करने योजना बनाई जा रही है जिससे आने वाले समय में नवागांव का स्वरूप और बदलेगा।

मौके पर ग्रामीण पदाधिकारी कामता कंवर, गैन्दसिंग, चमारसिंग कंवर, योगेश्वर चंद्राकर, विरेंद्र साहू, मनोज चंद्राकर, समयलाल कंवर, उपसरपंच सोमन साहू, शिव कंवर, संतराम साहू, जवाहरदास, निर्मलदास, प्रतीप निर्मलकर, पूरण कंवर, खिलावन यादव, सोनबती कंवर, चंद्रिका यादव, नम्रता कंवर, छन्नीबाई साहू आदि मौजूद थे।

## समन्वयक संघ नगरी ब्लाक का पुनर्गठन

- संजय अध्यक्ष, सचिव लोचन कुमार बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी







बीआरसी नगरी के सभाहाल में जिलाध्यक्ष जसपाल सिंह खनूजा की उपस्थिति में संकुल समन्वयक संघ ब्लॉक नगरी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से संजय रेड्डी अध्यक्ष, सचिव लोचन कुमार साहू, उपाध्यक्ष रविशंकर साहू, महेश कुमार सोरी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार लोन्हारे नियुक्त किए गएग।

इस दौरान ललित शर्मा, लोमश साहू, दिनेश ताम्रकार, सोनेंद्र ध्रुव, धनंजय साहू, मोहित साहू, प्रफुल सिंहसार, कामेश्वर साहू, नंदकिशोर ध्रुव, सावेंद्र सांडे, दीनदयाल साहू, लोकेश्वर सुरेशा, उमेश सोम, ओमप्रकाश देव, श्रवण देवांगन, रतिराम मरकाम, महेश कोसरे, सतीश सोम उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण



- अधिकारियों एवं ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर पंचायत कुरूद के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने औचक निरीक्षण कर संबधित अधिकारी और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।

रविवार को कुरूद नगर पंचायत के वार्ड 14 डिपो रोड में निर्माणाधीन सीसी सड़क का निरीक्षण करने पहुंची अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने रेत गिट्टी और सीमेंट से तैयार मिक्सर को देख इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क किनारे स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय तक रोड की लम्बाई बढ़ाने के लिए इंजीनियर को कहा। इसके अलावा पेयजल एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने वार्ड भ्रमण कर नागरिकों से सुझाव लिए। दूसरी बार नगर की बागडोर सम्भाल रही श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को सही दिशा में आगे बढ़ाने वे ऑफिस में बैठ लोगों की समस्या सुलझाने के साथ फील्ड में जाकर जमीनी हकीकत से रुबरु हो रही हैं। इस महती कार्य में उन्हें विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर व पार्षदों का सहयोग मिल रहा है।

## कोसमर्रा में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

- गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी






केंद्र सरकार ने पोषण अभियान कार्यक्रम के तहत सातवां पोषण पखवाड़ा लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और समाज के संवेदनशील वर्गों के लिए पोषण के परिणामों में सुधार लाना है। यह अभियान 8 से 22 अप्रैल तक चलेगा। इसमें विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, कुपोषण का प्रबंधन करना और पोषण ट्रैकर के बारे में जागरूकता बढ़ाना। यह एक राष्ट्रीय पहल है जिसमें बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

ग्राम कोसमर्रा में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास सभापति सिन्धु बैस थीं। अध्यक्षता सरपंच कुलेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी सरिता कुशवाहा, स्वास्थ्य विभाग से अंजु साहू, पर्यवेक्षक रेणुका साहू ,पर्यवेक्षक सोनवानी, वासुदेव सोनबेर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी साहू, सुरेखा निर्मलकर ,सुनीता कश्यप, लता निषाद थे। कार्यक्रम में दो बच्चों को गोद लिया गया। सिन्धु बैस ने कहा कि 1000 दिन ही क्यों लिए हैं। शिशु के जन्म के बाद के हजार दिन बच्चे के शारीरिक विकास और मस्तिष्क की वृद्धि के लिए सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस अवधि में बच्चे का शरीर और मस्तिष्क असाधारण गति से विकसित होते हैं। यहीं से उसकी सीखने की क्षमता, रोग-प्रतिरोधक क्षमता और संपूर्ण स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है। यदि इन 1000 दिनों के दौरान बच्चे को सही पोषण और मानसिक संवेगात्मक सपोर्ट मिले, तो वह एक स्वस्थ, बुद्धिमान और खुशहाल व्यक्ति बन सकता है।

चुने गए पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया

# राजेश शिक्षक फेडरेशन के बने निर्विरोध प्रांताध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद




छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन की प्रांतीय आमसभा भिलाई स्थित विवेकानंद हॉल, स्मृति नगर में हुई। प्रदेश भर से पधारे जिला अध्यक्षों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया अंतर्गत संगठन की एकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से प्रांतीय पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चन्द्राकर एवं चंद्रभान सिंह निर्मलकर, प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, महामंत्री आकाश राय, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्राकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रांतीय प्रबंधकारिणी के गठन हेतु शेष पदाधिकारियों के मनोनयन का अधिकार नव निर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दिया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वय दीपक चौधरी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ बीके दास ने निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा करते हुए निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रांतीय प्रबंधकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन होना संगठन के भीतर आपसी समन्वय, विश्वास एवं एकजुटता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2024-25 प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन आमसभा में किया गया। आमसभा में धमतरी जिला से दयालुराम साहू, विनोद ठाकुर, सीताराम, रोमन लाल, अनुजराम साहू, गिरधारी राम साहू, टोपेश कुमार, ओपी मिथिलेश, टीआर साहू, राधेश्याम साहू, पीआर झाड़े, खेमराज सिंह, अरुण ध्रुवे, रविन्द्र सिंह पोर्ते, जॉय चक्रवर्ती, राकेश साहू, देवेंद्र बंछोर, केके धुरंधर, महेंद्र वर्मा, बलदाऊ सिंह पटेल, रामकुमार डड़सेना, अविनाश तिवारी, बिहारीलाल शर्मा, पवन सिंह, श्रीमती देवमणि साहू, नीलम सोनी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

स्कूल में बोलेगा बचपन खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर ने प्राथमिक शाला गिरौद के शिक्षक माखनलाल साहू और शिक्षिका श्रीमती नेमिन साहू को सम्मानित किया। जिले के 19 शिक्षकों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख चंद्रशेखर सेन समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शिविर में 80 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में एमजीएम अस्पताल रायपुर द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से बुजुर्गों की आंख का परीक्षण करके उन्हें उनके नंबर के अनुसार निःशुल्क चश्मा दिया गया। परीक्षण पश्चात संतू यादव, बिसेसर ध्रुव, लीलूराम साहू, पंचू राम साहू, कुंवर घृतलहरे, थनवारिन बाई ध्रुव की आंख का डॉक्टर की टीम द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

इस अवसर पर मरीजों के सहयोग हेतु सरपंच लता ध्रुव, दीपदान साहू उपसरपंच, टेकराम साहू जनपद सदस्य, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर मौजूद रहे। शिविर में लगभग 80 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। मौके पर कपिल पटेल, खिलावन चंद्राकर, सुरेश, रामेश्वर, सरस, कृष्ण, कुंजीलाल, बिसेसर, बालाराम पटेल, चंद्रशेखर साहू, त्रिभुवन, चंद्रहास, दामिनी उपस्थित थे।

## न्योता भोज पाकर बच्चे हुए आनंदित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला बाहलूपारा संकुल झुरानदी (कसपुर) में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शाला समिति के संरक्षक मेहत्तरराम सोरी के नाती धनंजय सोरी, बहू श्रीमती योगी सोरी ने बच्चों को न्योता भोज में सेब, केला, मिक्चर और जलेबी परोसा। बच्चे न्योता भोज पाकर आनंदित हुए। इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष दशरूराम सोरी, रमेश सोरी, चंद्रिका सोरी, महेश सोरी समन्वयक आमगांव, रसोइया निर्मल नेताम शामिल हुए। प्रधानपाठक टीएल साहू ने इस आयोजन की सराहना की।

## धीवर समाज की बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जालमपुर वार्ड में धीवर समाज की बैठक 21 अप्रैल को शाम 7 बजे गोविन्द कोसरिया के निवास में रखी गई है। बैठक में वार्ड पंचों, युवा प्रकोष्ठ का चुनाव, वार्ड के परिवारों की जनगणना, आवेदनों, बकाया अनुदान राशि, भवन निर्माण के लिए अनुदान राशि जमा करने पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी सोहन धीवर सचिव धीवर समाज धमतरी परगना ने दी है।

## मृतक के परिवार को दी संवेदना राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम बिरेतरा में ग्रामीण साहू समाज द्वारा मृतक लखन साहू की बेटी सीमा साहू को चार हजार की संवेदना राशि दी गई।

इस दौरान समाज के अध्यक्ष झुमुकलाल साहू, पदुमलाल, कन्हैया राम, हेमलाल साहू समेत अन्य मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**



## समाज ने सेना के जवान को किया सम्मानित

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम मुड़खुसरा निवासी भारतीय सेना के जवान विजय चक्रधारी पिता गोरख लाल चक्रधारी ने म्यांमार में आए भीषण भूकंप के दौरान अपने अद्भुत साहस और सेवाभाव से न केवल सेना का बल्कि अपने समाज और छत्तीसगढ़ का भी नाम रोशन किया। सेना में 2014 में भर्ती हुए विजय म्यांमार के भूकंप के दौरान विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने न केवल लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया। बल्कि अस्थायी अस्पताल बनाकर दर्जनों भूकंप पीड़ितों को जीवनदायी चिकित्सा सहायता भी प्रदान किया। इस साहस को देखते हुए समाज ने सेना के जवान को सम्मानित किया।

## जिपं अध्यक्ष मोर दुआर साय सरकार के तहत पहुँची कहाड़गोंदी, किया सर्वे



**कांकेर।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु साय की मंशाअनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के उपलक्ष्य में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी का जन संपर्क अभियान ग्राम पंचायत कहाड़गोंदी में आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आवास प्लस सर्वे ऐप में छूटे हुए पात्र परिवार सविता बाई कांगे का नाम जोड़कर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को लागू करने और प्रत्येक आवासहीन को आवास उपलब्ध हो यह पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कहाड़गोंदी के सरपंच जयसिंह नेताम, ग्राम पटेल लोचन कांगे, भोजराज सिन्हा, नन्द कुमार सिन्हा, कोमल मण्डावी, बीआर सुकदेवे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चयन परीक्षा में हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

**जगदलपुर।** आदिम जाति और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए रविवार 20 अप्रैल को चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के एक हजार से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

## चिड़िया मारने की दवाई खाकर अधेड़ ने दी जान

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के 45 वर्षीय नोबास खेस ने चिड़िया मारने कि दवाई खाकर अपनी जान दे दी। बेगीधोड़िया निवासी सुप्रिया खेस ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने घर में रखे चिड़िया मारने की दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसकी 19 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### हैदराबाद से पहुंची विज्ञान से संबंधित सामग्रियों की पहली खेप

# गंगरेल पर्यटन में साइंस पार्क का नया अध्याय जुड़ेगा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल पर्यटन में साइंस का एक नया अध्याय शामिल होने जा रहा है। यहां 1 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से इंडोर एवं आउटडोर सांईस पार्क बनाया जा रहा है। 41 लाख रूपए से इंडोर शेड का निर्माण किया जा चुका है। इस पार्क के लिए विज्ञान से संबंधित विभिन्न सामग्रियों की पहला खेप हैदराबाद से पहुंच चुकी है जिसे व्यवस्थित करने का काम हैदराबाद से आई टीम कर रही है। माना जा रहा है कि महीने भर में यह पार्क लोगों को विज्ञान के प्रति रोचक जानकारी देने लग जाएगा।

गंगरेल विश्रामगृह प्रवेश नाका के पास साइंस स्थल के लिए इंडोर शेड का निर्माण हो गया है। यहां हैदराबाद से पार्क के लिए पहुंची विज्ञान सामग्रियों का सेटअप तैयार किया जा रहा है। हैदराबाद से पहुंचे भास्कर रेड्डी बताते हैं कि विज्ञान पार्क में विज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझाने विभिन्न प्रकार के इंटरैक्टिव मॉडल और प्रदर्शन होते हैं। सरल मशीनों से ध्वनि, गुरूत्वाकर्षण, प्रकाशिकी और पेंडुलम पर आधारित प्रदर्शनी शामिल होती है। इसके अलावा विज्ञान पार्क में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जीवविज्ञान, भूविज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स और अन्य विज्ञान शाखाओं से संबंधित गैलरी भी होती है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले ने गत दिनों गंगरेल बांध स्थित रेस्ट हाउस के पास बनने वाले इंडोर एवं आउटडोर साइंस पार्क का अवलोकन किया था जिसमें बताया गया कि इंडोर पार्क में म्यूजियम स्थापित किया जाएगा ।विज्ञान से संबंधित 40 प्रकार की सामग्री लगाई जाएगी। वहीं आउटडोर साइंस पार्क में 25 प्रकार के एक्यूपमेंट होंगे। इंडोर, आउटडोर विज्ञान गार्डन बनने से पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होने के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी विज्ञान संबंधित जानकारी खेल-खेल में प्राप्त होगी।

### विज्ञान पार्क में दिखेगी ये सामग्री

आउटडोर प्रदर्शन में ध्वनि, गुरुत्वाकर्षण, प्रकाशिकी और पेंडुलम जैसे विषयों को दर्शाया जाता है। एकाधिर प्रदर्शनी में उर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य विज्ञान जैसे विज्ञान को दर्शाया जाता है। इंटरैक्टिव मॉडल के तहत जटिल अवधरणाओं को सरल तरीके से समझा जा सकता है। गैलरी में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जीवविज्ञान, भूविज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं अन्य विज्ञान शाखाओं से संबंधित प्रदर्शनी होती है। अवकाश गतिविधियों के तहत बच्चों के लिए अवकाश गतिविधियां भी होती हैं। इससे बच्चों को प्रदर्शनी का अधिक आनंद मिलता है।

### साइंस पार्क लोगों को विज्ञान के करीब लाएगा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गंगरेल में साइंस पार्क पर्यटन के साथ लोगों को विज्ञान के करीब लाएगा। विज्ञान पार्क एक ऐसा स्थान है जो लोगों को विज्ञान के बारे में जानने और समझाने में एक मजेदार एवं आकर्षक तरीका प्रदान करता है। यह जटिल अवधारणाओं को समझाने में मदद करता है।

## जनप्रतिनिधियों ने किया पीएम आवास का सर्वे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में मोर दुआर-साय सरकार अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार करने हेतु सर्वे अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में 15 से 19 अप्रैल तक ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वेक्षण पखवाड़ा चला। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने घर-घर जाकर सर्वे किया। द्वितीय चरण में 20 से 28 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों में पारदर्शिता बनी रहे और योजना की जानकारी सीधे पहुंच सके। तृतीय एवं अंतिम चरण में 29 व 30 अप्रैल को ग्राम पंचायत सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ सर्वे कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कर जिला स्तर पर प्रेषित किया जाएगा।

## रंग-बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने मचाई धूम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुई एकल नृत्य प्रतियोगिता

दिल्ली पब्लिक स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्कृतियों की झलक दिखाई दी। प्रतियोगिता को चार समूह में बांटा गया। प्रथम समूह में कक्षा पहली से तीसरी, द्वितीय समूह में चौथी से पांचवीं, तीसरे समूह में छठवीं से आठवीं, चतुर्थ समूह में नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। निर्णायक अपूर्वा विश्वकर्मा, श्रीमती दीपाली कलिहारी, श्रीमती कलेश्वरी साहू थी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने पुरस्कृत किया। कक्षा पहली से पांचवीं समूह में प्रथम अवीरा साहू , द्वितीय अपर्णा पवार, तृतीय युगांत साहू, कक्षा छठवीं से आठवीं में प्रथम ऋषभ बाफना, द्वितीय मौलिक साहू, तृतीय ईशा रामानी, कक्षा नवमी से बारहवीं में प्रथम धानी तिवारी, द्वितीय रोली चोपड़ा, तृतीय अनुष्का कुमारी रहे। विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल एवं निर्देशिका श्रीमती निधि अग्रवाल ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बंगाली समाज ने मनाया नववर्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बंगाली समाज एवं मां शारदा बंग महिला समिति द्वारा बंगाली समाज का नया साल 15 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया। समाज की बंग महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती मुक्तानाग चौधरी एवं सचिव श्रीमती रंजना भट्टाचार्य ने बताया कि बंगाली नववर्ष बैसाख माह के प्रथम दिन पहले बैसाख के नाम से जाना जाता है। उस दिन महिलाएं सुबह घर में पूजा पाठ करके बड़ों को प्रणाम एवं एक दूसरे के साथ गले मिलकर दिन की शुरुआत करती हैं। शाम को विभिन्न कार्यक्रम होते हैं। एक दूसरे को मीठा खिलाते हैं ।

नव वर्ष की शुरुआत वरिष्ठ महिला द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर एवं दीया जलाकर की जाती है। बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत, कविता एवं नाट्य प्रस्तुत किये जाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के नागेश्वर प्रांताध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के सभी जिला शाखा अध्यक्ष शामिल हुए। चुनाव अधिकारी पीके देवांगन प्रशासनिक अधिकारी जगदलपुर एवं जगदीश रजक प्रशासनिक अधिकारी मुंगेली थे। चुनाव में धमतरी जिला शाखा अध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य को निर्विरोध प्रांताध्यक्ष चुना गया। पूर्व प्रांताध्यक्ष युद्धेश्वर सिंह ठाकुर ने नागेश्वर सिंह मौर्य को प्रांताध्यक्ष, धीरज पलेरिया को प्रांतीय सचिव, रितेश सोनी को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, श्रीमती सुषमा मिश्रा, सुश्री तृप्ति यादव एवं सुनीता मागरे को प्रांतीय महिला उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। प्रांत अध्यक्ष श्री मौर्य द्वारा शेष कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जायेगा।

## बैलगाड़ी पर निकली बारात...



**नगरी।** बैलगाड़ी से बारात जाने की पुरानी परंपरा आज भी नगर में देखने को मिली। राजेश सोम पुरानी बस्ती की बारात बैलगाड़ी से निकली। बैल और बैलगाड़ी को तोरण से सजाया गया था। इससे बैल और बैलगाड़ी सुंदर एवं आकर्षक दिख दे रहे थे। एक बैलगाड़ी में दूल्हे राजा सवार थे और तीन बैलगाड़ी में बाराती सवार थे।

## हरे सोने की फसल जंगलों में लहलहा रही, 15 दिनों बाद शुरू होगी तोड़ाई

5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर होगी हरा सोना की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

तेंदूपत्ता बूटा कटाई के लगभग 45 दिनों बाद तैयार होने वाला हरा सोना जंगलो में लहलहा रहा हैं, जो 10 से 15 दिनों में तोड़ाई के लिए तैयार हो जाएगा। इस बार पूरे तेंदूपत्ता की खरीदी शासन द्वारा 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के दर पर किया जाएगा। शासकीय खरीदी से तेंदूपत्ता संग्राहकों को कई लाभ होंगे। उन्हें निश्चित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके अलावा तेंदूपत्ता की गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी, जिससे इसकी मांग बढ़ेगी तेंदूपत्ता संग्राहकों ने शासकीय खरीदी की घोषणा पर खुशी जताई है।

तेंदूपत्ता को हरा सोना भी कहा जाता है, यह एक महत्वपूर्ण वन उत्पाद है जो भारत के कई हिस्सों में पाया जाता है। इसका मुख्य उपयोग बीड़ी बनाने में किया जाता जो एक पारंपरिक भारतीय क्षेत्र के जंगल में हरा-भरा तेंदूपत्ता। यह पत्ता अपनी विशिष्ट गुणवत्ता और स्वाद के लिए जाना जाता है। बीड़ी उद्योग में तेंदूपत्ता की मांग बहुत अधिक होती है। तेंदूपत्ता वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। संग्राहकों को योजनाओं का लाभ लेने 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण करना अनिवार्य है। शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का बीमा किया जाता है, जिससे प्रतिभाशाली स्कूली छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता एवं परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर बीमा राशि भी दिया जाता है। प्राथमिक वनोपज संहकारी समिति के प्रबंधक रामसाय गावडे ने बताया कि इस वर्ष तेंदूपत्ता की खरीदी शासन की ओर से किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संग्रहक को कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण करना अनिवार्य है। कटाई और संग्रहण से स्थानीय समुदायों को रोजगार मिलता है। तेंदूपत्ता के संरक्षण से न केवल वन क्षेत्रों की जैव विविधता बनी रहती है, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका भी सुरक्षित रहती है।

## बाइक के अनियंत्रित होने से पीछे बैठे ग्रामीण की गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सरोना बाजार से वापिस जा रही बाइक तिरियारपानी सीसी रोड पुल के पास अनियंत्रित हो गई। बाइक में पीछे बैठे एक व्यक्ति पुल के पास गिर गए, जिन्हें सिर पर गंभीर चोट आई। ईलाज के दौरान रायपुर में मृत्यु हो गई।

विवेचना में पाया गया कि बाइक चालक की लापरवाही से हादसा हुआ। पुलिस ने विवेचना के उपरांत बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना में परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक महेश महावीर अपने रिश्तेदार बलराज नेताम निवासी साल्हेभाट सरोना के साथ अपने भांजा देवेन्द्र कुमार शोरी निवासी डूमरपानी के मोटर सायकल क्रमांक सीजी19 बीयू 4138 में सरोना बाजार अपने काम से गया था, काम होने के बाद शाम को अपने फुल बेटा के साथ घर वापिस आ रहे थे। मोटर सायकल को बलराज नेताम चला रहा था, वहीं मृतक महेश महावीर पीछे बैठा था। तिरियारपानी सीसी रोड पुल के पास सायं 7 बजे पहुचे थे कि मोटर सायकल अचानक अनियंत्रित हुई और मृतक जमीन में गिर गया। गिरने से मृतक के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया। और यहाँ से हायर सेंटर डीकेएस अस्पातल रायपुर में भर्ती कराया, ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन

**धमतरी।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया गया। अंतिम दिवस समापन समारोह का आयोजन कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना में किया गया जिसमें समस्त फायर कर्मियों एवं फायर वाहन चालकों का जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी शोभा ठाकुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आफिस स्टाफ, फायर कर्मी एवं बड़ी संख्या में नगर सैनिक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कुश्ती खेलने बोनेश दिल्ली रवाना

**धमतरी।** राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा बालक कुश्ती चयन प्रतियोगिता जांजगीर चांपा में हुई थी, जिसमें जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के बालक खिलाड़ी ने अपना बेस्ट प्रदर्शन किया। 17 वर्ष बालक वजन समूह 92 किलो ग्राम में बोनेश कुमार साहू गोल्ड मेडल जीतकर दिल्ली में 21 से 25 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के उस्ताद भगवान सिंह यादव, संतोष साहू, राजकुमार नेताम, अंकालु भोयर, सोहन यदु, कृष्णा साहू, मेघराज यदु, तुलसी, मुकेश साहू, मनोज साहू, हरीश नेताम, लल्ला यदु, प्रभात भोयर, रामकुमार साहू, खेल शिक्षक कुमार साहू, जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के कुश्ती प्रशिक्षक विजय कुमार यादव, नुमेश यादव ने हर्ष जताया है।



## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सरोना में किया सर्वे

**सरोना।** प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र परिवारों को जोड़ने के लिए चल रहा है आवास प्लस 2.0 के मोर दुवार, साय सरकार के तहत जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ग्राम पंचायत सरोना में पहुँचकर सर्वे कार्यक्रम में शामिल हुई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सर्वेक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया कि पात्र परिवारों का नाम आवास प्लस सर्वे एप में जोड़कर सर्वे का काम प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने सर्वेयरों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में जितने भी पात्र परिवार आवास से वंचित हैं, उनके नाम 30 अप्रैल तक आवास प्लस सर्वे के माध्यम से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उल्लेखनीय है कि आवास प्लस अंतर्गत सर्वेक्षण का कार्य 15 से 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान छूटे हुए पात्र परिवारों के नाम को नए प्रावधानों के अनुसार दर्ज किया जा रहा है, ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति इस विकास के लाभ से वंचित न रहे। इस सर्वेक्षण के माध्यम से जहां एक ओर सरकार द्वारा दी जा रही आवास योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

### इतवारी बाजार अपडेट : पत्तागोभी, मूली, भटा, लौकी 20 रुपए किलो बिकी

# हरी सब्जियों के दाम गिरे, बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



अमूमन अप्रैल माह से हरी सब्जियों का दाम आसमान पर रहता है लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। अप्रैल खत्म होने को है फिर भी हरी सब्जियों के दाम सामान्य से कम है। टमाटर अब भी 10 से 15 रुपए किलो बिक रहा है। पत्तागोभी, मूली, भटा, लौकी की कीमत 10 से 20 रुपए किलो है। 80 से 100 रुपए प्रति किलो बिकने वाली मनपसंद मौसमी सब्जियां 40 से 50 रुपए किलो बिक रही हैं। सब्जी उत्पादक कृषक सीताराम पटेल, घनश्याम सोनकर ने बताया कि शीतऋतु में लगाई गई सब्जी की फसल अब भी फल दे रही है। मौसम खुशनुमा होने से नई फसल बंपर पैदावारी दे रही है। बाजार में बाहरी आवक के साथ अंचल की सब्जियां काफी मात्रा में पहुंच रही हैं। आवक अधिक होने से सभी सब्जियों के दाम सामान्य हैं। ग्राहक तो प्रसन्न हैं लेकिन सब्जी उत्पादक कृषक मायूस हैं। सब्जी व्यवसायी भी कम मुनाफा में धंधा करने मजबूर हैं।

रविवार को शहर के इतवारी बाजार में शाम 6 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ थी। सब्जी सस्ती होने से लोगों ने खूब खरीदारी की। सब्जी विक्रेता जागेश्वर सोनकर, दमयंतीन सोनकर ने बताया कि रविवार को लौकी, मूली 10 रूपए किलो बिका। भटा, टमाटर, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, सेमी 15 से 20 रुपए किलो बिका। गाजर, बरबटी, भिंडी, गोभी, केला, डोड़का 30 रुपए किलो रहा। कुंदरू, तोराई, परवल, मटर 40 रुपए किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, मिर्च, शिमला मिर्च 50 रुपए किलो तो मुनगा, कटहल 60 में बिका। अदरक, कोचई, धनिया, ढेंस, मेथीभाजी 80 में बिका।

किराना सामानों में आलू प्याज 25 रुपए किलो रहा। शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी 150-170, मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 290, काली मिर्च 780, लहसुन 100, तेल रिफाइंड 130, मेथी 85, सरसो 80, राहरदाल 100-120, मसूरदाल, मूंगदाल 110, चना 85, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, हरा मटर 100, चनादाल 90, पोहा 50 रुपए किलो, अंडा 60 रुपए दर्जन रहा।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई अभियान



**धमतरी :** रविवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेशर में सफाई अभियान चलाया गया। ठेकेदार मयंक गांधी ने बताया कि हटकेशर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई की गई। नालियों का कचरा निकालकर घासफूस को भी साफ किया गया। सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा।

# किसानों को नहीं मिली चना विक्रय की राशि



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- **जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार**

जिले की आठ सहकारी समितियों से मार्च से चने की खरीदी की जा रही है। नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि समितियों में करोड़ों का चना खरीदा गया है। संगठन द्वारा निरंतर जिला प्रशासन से चना का परिवहन करते हुए किसानों को राशि भुगतान की मांग की गई लेकिन परिणाम शून्य निकला। तरसींवा सहित अन्य समितियों में कुछ मात्रा में चना का परिवहन शुरू हो गया है। किसान निरंतर समितियों में राशि के लिए जानकारी ले रहे हैं लेकिन राशि नहीं मिली है। समय पर केंद्रों से उपार्जित चना का उठाव नहीं किया गया तो उसमें सूखत आ सकती है। कीट, पतंगें, चूहों से भी नुकसान हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र ही चना का उठाव करने एवं किसानों को राशि का भुगतान करने की मांग की है।

# विद्युत कटौती से सैकड़ों एकड़ फसल तबाह





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- **जनपद सदस्य प्रकाश पवार ने डुबानवासियों की सुनी समस्याएं**

जनपद सदस्य प्रकाश पवार ने डुबान क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। श्री पवार ने कहा कि डुबान क्षेत्र की सुध केवल चुनाव के समय ली जाती है। बाद में नेताओं को यहां की समस्या से कोई सरोकार नहीं रहता। ग्रामीणों ने श्री पवार को बताया कि क्षेत्र लो वोल्टेज और विद्युत कटौती से जूझ रहा है। सैकड़ों एकड़ फसल तबाह हो चुकी है। बची खुची धान की फसल भी मरने की कगार पर है। दिन भर वोल्टेज की समस्या रहती है जिससे मोटर बहुत ही धीमा चलता है। शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक विद्युत कटौती रहती है। रात को 11बजे लाइट आने के बाद मोटर चालू करने जाना एक बड़ी चुनौती रहती है क्योंकि रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। मोंगरगहन और कोंडागांव को जोड़ने वाले पुल के सामने की सड़क सालों से क्षतिग्रस्त है। मिट्टी डालकर काम चलाया जा रहा है। बारिश में कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। श्री पवार ने यहां के लोगों को आश्वस्त किया है कि वे उनके अधिकारों और समस्याओं के निराकरण के लिए हर स्तर की लड़ाई लड़ेंगे। मौके पर राजाराम, देवनारायण मेश्राम, गिरधारी कोमरे, जितेंद्र कुमार, रामस्वरूप मंडावी, मिलन निषाद समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# 41 यूनिट रक्तदान कर मनाई गई दानवीर भामाशाह जयंती





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- **खरतुली में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन**

परिक्षेत्र साहू संघ खरतुली एवं ग्रामीण साहू समाज खरतुली, परसतराई, लोहरसी, पोटियाडीह, मुजगहन, रत्नाबांधा के तत्वावधान में ग्राम खरतुली में दानवीर भामाशाह की जयंती के पूर्व दिवस रक्तदान शिविर एवं समाज गौरव सम्मान का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जयप्रकाश, पवन कुमार, शुभम, ईश्वर, कुलेश्वर, अंगेश, भुनेश्वर,जितेंद्र, यादवेंद्र, अनेश, रीतू, दिव्या, सोमन, तुलसी, लीखूराम, खिलेन्द्र, भूपत, मुरली, मुकेश, सौरभ, रूपराम सहित 41 सामाजिकजनों ने हिस्सा लिया। 41 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में मानस सेवा ब्लड सेंटर धमतरी ने अपनी सेवाएं दी। डॉक्टरों ने बताया कि रक्तदान के समय व्यक्ति का वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र में सेवा दे रहे मनीषा साहू सीआईएसएफ, सुनीता साहू इंडियन नेवी, गुनिका साहू ग्राम सेवक, हरीश साहू अग्निवीर, गुलशन साहू स्पेशल पैरा कमांडो, लुमेश्वरी साहू बीएसएफ, शिवराम साहू अग्निवीर, कमलकांत साहू एसआरएफ, कृष्णकांत साहू एनआरएम इंजीनियर फॉरेस्ट, खेलेंद्र कुमार साहू रेलवे स्टेशन मास्टर, धनंजय सोनबेर व्याख्याता, यज्ञश्री सोनबेर सहायक शिक्षक, डायमंड साहू अग्निवीर, भोजेंद्र कुमार साहू एशियन गेम्स इंटरनेशनल जज, मनहरण गंगबेर एसआई पुलिस विभाग, संतकुमारी सोनबेर जनपद सदस्य को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, रामआसरा साहू तहसील सहसचिव, परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, परिक्षेत्र संरक्षक भरत साहू, किरण सोनबेर, सचिव रूपेंद्र गंजीर, भोजेंद्र साहू सलाहकार, विजयलक्ष्मी गंजीर, धर्मेन्द्र साहू कोषाध्यक्ष, पूरन सोनबेर, अरुण गंजीर, मुकेश साहू, चंद्रशेखर साहू, कुंती साहू, प्रेमलाल गंगबेर समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## प्रधानपाठक दीनबन्धु को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

मंच संचालक समिति अभिव्यक्ति



मंच द्वारा ग्राम कनेरी (गुरुर) जिला बालोद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में दीनबन्धु सिन्हा प्रधानपाठक (राज्यपाल पुरस्कृत) शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली को शिक्षा, सेवा, समर्पण, कर्तव्य निष्ठ, समाज में सकारात्मक योगदान एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कुशल वाकपटु कॉपलें सृजनकर्ता सम्मान दिया गया। दीनबन्धु सिन्हा ने एक नवाचारी शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ स्तर पर सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, पालकगण एवं शाला प्रबंधन समिति ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दादी रतनमोहिनी का जीवन प्रेरक, आदर्श था

- **ब्रम्हाकुमारीज की मुख्य प्रशासिका को दी गई श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



ब्रम्हाकुमारीज की मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय दादी रतनमोहिनी की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें बीके सरिता ने दादी के साथ के अपने अनुभव साझा किए। राजयोगिनी सरिता ने कहा कि मुझे दादी के साथ वर्षों तक मिलने का सौभाग्य मिला। उनका जीवन अपने आप में प्रेरक, आदर्श और महान था। बड़ों की छत्रछाया होना ही हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी होती है। दादी के मार्गदर्शन में इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए। रायपुर रोड स्थित सांकरा ओवरब्रिज के नीचे ब्रम्हाकुमारीज के तपोवन में सुबह 7 बजे से राजयोग ध्यान का अभ्यास कर ईश्वरीय महावाक्य मुरली सुनाई गई। सरिता दीदी ने दादीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं भोग लगाया। इस दौरान सभी ने दादी के जीवन संस्मरणों को और उनकी पालना को याद करते हुए राजयोग के माध्यम से एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।







### मसीही समाज ने मनाया ईस्टर पर्व

# प्रभु यीशु का पुनरूत्थान हमारे विश्वास का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



सुंदरगंज चर्च में रविवार को आयोजित ईस्टर पर्व पर दिल्ली से आए पास्टर अल्फांसो लारेंस ने प्रभु यीशु का संदेश सुनाते हुए कहा कि प्रभु यीशु का पुनरूत्थान हमारे विश्वास का आधार है।

उन्होंने कहा कि मृत्यु पर विजय पाकर जी उठे यीशु ने मानव समुदाय की सोच को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। महात्मा फुले, महात्मा गांधी, राजाराम मोहन राय ने यीशु की शिक्षा को आत्मसात कर भारतीय समाज में ऐतिहासिक सुधार किये और यहां प्रेम, क्षमा, समानता और भाईचारे की शिक्षा का प्रसार किया। खासकर शोषितों के अधिकार व मनुष्य के रूप में जीवन जीने के अधिकार के प्रति जागरूकता फैलाई। रविवार को सुबह 9 बजे सुंदरगंज चर्च में ईस्टर पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आशीष मिलाप ने प्रेयर किया। किरण जॉनसन ने बाइबिल का पठन किया। क्वायर द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा यूथ वर्ग ने संगीतमय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन एससी ख्रिष्टी ने किया।

इस अवसर पर पादरी आशीष मिलाप, दीपक मसीह, सेवक अनिल राघवा, एससी. ख्रिष्टी, किरण जानसन, थेलमा महतो, सेविका नेताम, सेविका सोनवानी पादरी, पीके सिंग, डॉ. एस पटौन्दा, डॉ. नीरज नेताम, डॉ. मलागर, डॉ. आशीष राकी, डॉ. आशुतोष मसीह, स्वप्निल सोनवानी, राकेश सालोमन, प्रणय तिवारी, नीतीश बांधे, सरिता असाई, सपना पाल, प्रणय लाल, मार्विन चरण, डॉ. विमेश विक्टर, आर. पीटर, अनुराग मसीह, पार्षद योगेश लाल, वालेस चरण, कल्याण मसीह, संगीता नाथ, राजेश मसीह, शैलेन्द्र पाल, ईडी मसीह, अमित नाथ, श्रीमती आशीष मसीह, श्रीमती बंशी सर्वेश रिंकू नायन, चर्च द्वारपाल सीनू मसीह, स्मृति विक्टर, सरला मसीह, एस्तर मसीह, आशीष मसीह, जीएम बघेल, मनेस सिंग, डॉ. वाय बेथे, नवीन बघेल, मोनारानी सपाटे, विन्नी रानी सपाटे समेत बड़ी संख्या में मसीही समाजजन मौजूद थे।

